07/06/2025

आकाशवाणी  ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अफ्रीकी संघ के आपदा रोधी अवसंरचना दो हजार  पच्चीस पर सम्मेलन में शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। आपदा रोधी अवसंरचना दो  हजार  पच्चीस पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कार्रवाई योग्य कार्यक्रम तैयार करने और विकासशील देशों को वित्त तक पहुँच सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आगे जोर दिया कि छोटे द्वीप विकासशील देशों को उनकी कमज़ोरियों के कारण बड़े महासागर देशों के रूप में माना जाना चाहिए, क्योंकि वे विशेष ध्यान देने योग्य हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली और समन्वय को मजबूत करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे समय पर निर्णय लेने और प्रभावी अंतिम-मील संचार में मदद मिलती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस सम्मेलन में चर्चा इन पहलुओं पर विचार करेगी। यह सम्मेलन पहली बार फ्रांस में आयोजित किया जा रहा है।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारतीय किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। केंद्र में एनडीए सरकार के 11 साल पूरे होने पर मोदी ने कहा कि देश के मेहनती किसानों की सेवा करना सरकार के लिए सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले 11 वर्षों में, विभिन्न सरकारी पहलों ने किसानों की समृद्धि को बढ़ावा दिया है और कृषि क्षेत्र में समग्र परिवर्तन भी सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने मृदा स्वास्थ्य और सिंचाई जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया है, जो बहुत फायदेमंद रहे हैं। मोदी ने कहा कि आने वाले समय में किसान कल्याण के लिए सरकार के प्रयास ओर अधिक जोश के साथ जारी रहेंगे।

00000000000000000000

भारत ने अत्यधिक गरीबी को कम करने में उल्लेखनीय प्रगति की है, दो हजार ग्यारह-बारह और दो हजार बाईस-तेईस के बीच दो सौ उनसठ मिलियन लोग इससे बाहर निकले हैं। विश्व बैंक के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, अत्यधिक गरीबी दर दो हजार ग्यारह-बारह में सत्ताईस दशमलव एक प्रतिशत से घटकर दो हजार बाईस-तेईस में केवल पांच दशमलव तीन प्रतिशत रह गई है। दो हजार ग्यारह-बारह में, भारत में लगभग तीन सौ चौवालीस दशमलव सैतालीस मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी में जी रहे थे। दो हजार बाईस-तेईस तक, यह संख्या तेजी से घटकर पचहत्तर दशमलव चौबीस मिलियन हो गई। इस प्रगति का अधिकांश हिस्सा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से आया है, जो दो हजार ग्यारह-बारह में भारत के पैसठ प्रतिशत अत्यधिक गरीबों के लिए जिम्मेदार थे। इन राज्यों ने पिछले दशक में कुल गरीबी में दो-तिहाई कमी लाने में योगदान दिया।

0000000000000000000000

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम पर्यावरण संरक्षण और विकास पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

**Byte**

00000000000000000000

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दो हजार पच्चीस के अंतर्गत आयुष मंत्रालय योग संगम का आयोजन करेगा। इसके अंतर्गत इक्कीस जून को देशभर के एक लाख क्षेत्रों में एक राष्ट्रव्यापी समन्वित योग प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। इस फ्लेगशीप कार्यक्रम का मकसद संपूर्ण रुप से स्वास्थ्य, एकता का प्रचार करना तथा पैतालीस मिनट कॉमन योगा प्रोटोकोल सत्र के तहत सभी लोगों को शामिल करके जागरुकता फैलाना है। यह पहल राष्ट्रीय एकीकरण, कल्याण, सांस्कृतिक विरासत और सुलभता जैसे विषयों पर प्रकाश डालना है। योग संगम सभी नागरिकों से 'योगदाता' बनने और कल्याण की प्रेरणा को फैलाने का आह्वान करता है।

000000000

आगामी राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारतीय दल में वैफ्टलिफ्टिंग चैंपियन सामबो लापुंग को शामिल न करने पर ईस्ट कामेंग सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक संगठन ने इस फैसले की कड़े शब्दों में निंदा की है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को ई-मेल के जरिए एक ज्ञापन सौंपते हुए EKSWCO ने भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (IWF) द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता पर चिंता जताते हुए तत्काल हस्तक्षेप करने की अनुग्रह किया। बताते चले सामबो लापुंग ईस्ट कामेंग जिले के लापुंग गांव के निवासी है वे छियानब्बे किलोग्राम कैडेगरी में तीन बार के सिनियर राष्ट्रीय भारोत्तलन चैंपियन रह चुके है। उन्होंने वर्ष दो हजार बाईस को चंडीगढ़ में, दो हजार तेईस में ईटानगर और दो हजार चौबीस को हिमाचल प्रदेश में खेले गए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ग पदक जीते है।

00000000000000000000

वेस्ट कामेंग जिला पुलिस ने पांच जून को नकली इनरलाईन परमिट रैकेट के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। भालुकपोंग चेक गेट में चार जून को आई एल पी जांच को तीव्र करने के बाद इस घपले का पता चला जिसमें तवांग सर्किल अधिकारी के नकली मुहरो और हस्ताक्षर किए कई जाली आई एल पी का पता चला। भालुकपोंग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज होने के बाद इंस्पेक्टर थुमगोन ताली के नेतृत्व में पुलिस दल ने असम के तेजपुर में छापा मारकर आरोपी को गिरफ्तार किया। जो असम सरकार की एक कर्मचारी है। आरोपी ने कुछ महीनों के दरम्यान कथित तौर पर तेरह सौ जाली आई एल पी बनाया। छापे के दौरान पुलिस ने एक लेपटॉप, चार हार्ड डिस्क, दस पेन ड्राईव, एक मोबाईल फोन और बैंक दस्तावेज के साथ तेरह सौ हजार नगद बरामद किए।

00000000000000

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान लगाया है कि आज सेंट्रेल महाराष्ट्र, माराथावाड़ा, नागालैंड, मणिपुर, मिजोराम और त्रिपुरा में भारी वर्षा होगी। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वोत्तर क्षेत्र में अगले सात दिनों में बारिश की गतिवितियां लगातार जारी रहेगा।